ई-ग्रंथालय सॉफ्टवेयर से जुड़ेंगे प्रदेश के सभी शासकीय महाविद्यालय और विश्वविद्यालय

चर्चा में क्यों

23 अगस्त, 2022 को मध्य प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव ने बताया कि प्रदेश के सभी 528 शासकीय महाविद्यालय और 16 शासकीय विश्वविद्यालय भारत सरकार के एनआईसी के ई-ग्रंथालय सॉफ्टवेयर से सीधे जुड़ेंगे।

प्रमुख बिंदु

- उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. यादव की उपस्थिति में मंत्रालय में एनआईसी और उच्च शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने इस संबंध में एमओयू पर हस्ताक्षर किये।
- उच्च शिक्षा मंत्री ने कहा कि ई-ग्रंथालय सॉफ्टवेयर से उच्च शिक्षा में अध्ययनरत् प्रदेश के 16 लाख विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा। इस सॉफ्टवेयर से विद्यार्थियों को दुर्लभ पुस्तकें भी डिजिटल फॉर्मेट में पढ़ने के लिये उपलब्ध हो सकेंगी। इससे अकादमिक गुणवत्ता में सुधार होगा।
- गौरतलब है कि वर्तमान में देश के 28 हज़ार शिक्षण संस्थान ई-ग्रंथालय सॉफ्टवेयर से जुड़े हैं। यह मोबाइल पर भी उपलब्ध है। विद्यार्थी ऑनलाइन पंजीयन कर इस सुविधा का लाभ ले सकते हैं।
- महाविद्यालय और विश्वविद्यालय के पुस्तकालयों में उपलब्ध संसाधनों को इस पर अपलोड किया जा सकता है, जिससे अन्य महाविद्यालय, विश्वविद्यालय उनका लाभ ले सकें।
- एनआईसी के अधिकारियों ने बताया कि सॉफ्टवेयर के उपयोग को लेकर महाविद्यालय की लाइब्रेरी में पदस्थ स्टाफ और प्राध्यापकों को प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाएगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/all-government-colleges-and-universities-of-the-state-will-be-connected-with-e-granthalaya-software